2016

HINDI

(Modern Indian Language)

(Hindi Nibandh Sahitya)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10=10

(क) राजा रघु की राजधानी का नाम लिखिए।

(ख) कौत्स के गुरु का नाम क्या है?

(ग) 'मन की दृढ़ता' निबंध के निबंधकार का नाम लिखिए।

(घ) बेकन का पूरा नाम क्या है?

(ङ) छात्रावास में किस बात की धुन सवार रहती है?

(च) अपनी पाठ्य-पुस्तक के संपादक का नाम लिखिए।

(छ) निबंधकार दीनबंधु ऐण्ड्रुज से कहाँ मिले थे?

(ज) शिवपूजन सहाय के पठित निबंध का नाम लिखिए।

(झ) हरिशंकर परसाई का जन्म कब हुआ था?

(ञ) 'कादम्बरी—एक सांस्कृतिक अध्ययन' किसकी रचना है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर लिखिए : 2×5=10

(क) 'मोहन मेले' का अर्थ क्या है?

(ख) शिवपूजन सहाय ग्राम गीतों को कहाँ शामिल करने को कहते हैं?

(ग) "गदहा पीट घोड़ा नहीं हो सकता"—का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) कौत्स ने गुरु से कितनी विद्याएँ सीखी थीं? उन्हें गुरु दक्षिणा में कितने धन देने पड़े थे?

(ङ) 'मित्रता' निबंध में निहित उद्देश्य क्या है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) राजा रघु की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'मेले का ऊँट' निबंध में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ग) दीनबंधु ऐण्ड्रुज के व्यक्तित्व को रेखांकित कीजिए।

(घ) सच्ची मित्रता में कैसे गुण होते हैं?

(ङ) "मनुष्य किस ओर बढ़ रहा है? पशुता की ओर या मनुष्यता की ओर?" पठित पाठ के आधार पर सतर्क उत्तर दीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) संसार का जब यही रंग है, तो ऊँट पर चढ़नेवाले सदा ऊँट पर ही चढ़े, यह कुछ बात नहीं।

अथवा

विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है। जिसे ऐसा मित्र मिल जाए उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया।

(ख) कुशल व्यापारी की भाँति मैं अपने विद्याधन को तिजोरी में बंद करके नहीं रखता वरन् पुस्तकें लिखकर उसे गतिशील बनाए रखता हूँ।

अथवा

मैं हैरान होकर सोचता हूँ कि मनुष्य आज अपने बच्चों को नाखून काटने के लिए डाँटता है।

5. बाबू गुलाब राय ने अपने निबंध में कैसे आत्म-विश्लेषण किया है? 10

अथवा

'साहित्य' शीर्षक निबंध में निबंधकार ने साहित्य के बारे में क्या-क्या कहा है—अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 10

(क) ओलम्पिक खेल

(ख) स्वतंत्रता दिवस

(ग) युवा पीढ़ी का कर्तव्य

(घ) स्त्री-सशक्तिकरण

★★★